प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




बिहार में सम्राट चौधरी या फिर कोई और? पेज- 2

नवनिर्मित मकान में चोरों ने किया हाथ साफ पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 111 | रविवार 12 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## बंगाल में मोदी की हुंकार-राज्य में लागू करेंगे यूसीसी

## -खत्म होगी तुष्टीकरण की राजनीति

(एजेंसी) कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) करने का शनिवार को वादा किया, ताकि तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त किया जा सके। उन्होंने साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी। मोदी ने मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को जारी किया गया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के श्महाजंगलराजश को समाप्त करने का एक खाका है। प्रधानमंत्री ने कहा, देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए यूसीसी लागू करने का संकल्प लेती है। उन्होंने यह टिप्पणी राज्य भाजपा द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र में सत्ता में आने पर छह महीने के भीतर यूसीसी को लागू करने का वादा करने के एक दिन बाद की है। तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्य



के लोग यह नहीं भूले हैं कि कैसे राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी आरजी कर बलात्कार और हत्याकांड के दोषियों के साथ खड़ी रही। मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर मां–माटी–मानुष के अपने पुराने नारे को त्यागने और इसके बजाय घुसपैठियों के समर्थन पर निर्भर रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस श्मां–माटी–मानुष के नारे के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन अब यह घुसपैठियों के मतों से सरकार बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के इस खेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे। चुनाव को पश्चिम बंगाल की पहचान को संरक्षित करने की लड़ाई बताते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य के कुछ हिस्सों में तेजी से जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा, यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने का है। राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टों को संरक्षण देने और जनता को लूटने वाले लोग जेल में जायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वामदलों के गुंडे अब तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाली पिछली सरकार की कट–कमीशन की राजनीति का अनुकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने इस वर्ष पश्चिम बंगाल में राम नवमी के मौके पर आयोजित शोभा यात्राओं के दौरान हुई हिंसा का भी जिक्र किया और इसकी तुलना देश के बाकी हिस्सों में मनाए गए उत्सव से की। उन्होंने कहा, पूरे भारत में राम नवमी का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया, लेकिन पश्चिम बंगाल में राम नवमी की शोभा यात्राओं पर हमले हुए और तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में हिंसा हुई। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव में हार को भांपते हुए तृणमूल कांग्रेस साजिश रच रही है और एआई से तैयार वीडियो फैला रही है। उन्होंने लोगों से इस जाल में न फंसने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार की अनदेखी के कारण मुर्शिदाबाद के रेशम किसानों का भविष्य बर्बाद हो गया है।

## लखीमपुर खीरी को मुख्यमंत्री योगी ने दी बड़ी सौगात, कहा- थारू परिवारों को मिला भौमिक अधिकार

(एजेंसी) लखीमपुर। खीरी विधानसभा पलिया के चंदन चौकी में जनसभा को संबोधित करते



हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि थारू बहुल क्षेत्रों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के आश्रितों को आज भौमिक अधिकार मिल रहे हैं। यानी जिस भूमि को वे वर्षों से जोत–बो रहे थे, अब उस पर उनका वैधानिक अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले की चार विधानसभाओं पलिया, निघासन, गोला और श्रीनगर से जुड़ी लगभग 817 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये परिवार वर्ष 1955 से यहां बसे हुए थे, लेकिन अब तक उन्हें भूमि का अधिकार नहीं मिल पाया था। आज उन्हें यह अधिकार मिलने पर प्रदेश सरकार की ओर से बधाई देने वह यहां आए हैं। उन्होंने मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी रहे। शासन का कल्याण तभी संभव है, जब जनता का कल्याण हो, और यह तभी संभव है जब शासन में संवेदनशीलता हो।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने टकराई पिकअप, दो युवकों की मौत

(एजेंसी) नूंह। नूंह जिले के पिनंगवा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के दिल्ली–मुंबई–बड़ोदरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक दुर्घटना हो गई। सुबह करीब 4रू30 बजे गांव झिमरावट मरोड़ा के पास पिलर नंबर 50. के निकट यह हादसा हुआ। आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रही पिकअप गाड़ी उससे टकरा गई। पिकअप में सवार दो लोगों की चोटों के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोराज कीर पुत्र रामजी लाल, (उम्र 38 वर्ष) और हेमराज मेहरा पुत्र रामफुल मेहरा (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों टोंक जिले राजस्थान के मोहल्ला छावनी निवासी थे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल शवों को गांव मरोड़ा के पास से निकालकर मांडी खेड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। पिनंगवा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी की ओर से शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## भवानीपुर से उम्मीदवारी रद्द कराने की साजिश का आरोप, ममता बनर्जी ने बीजेपी पर साधा निशाना

एजेंसी कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी। बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख मतदाताओं के नाम जबरन हटाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने विस्तार से बताए बिना कहा, भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसमें लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है। बनर्जी ने कहा, इसीलिए वे मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। वे परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में भी छेड़छाड़ की योजना बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार और बाद में दिल्ली में उसके सत्ता से बेदखल होने के बाद न्याय देर–सवेर अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा, एसआईआर प्रक्रिया के कारण 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हटाए गए 90 लाख मतदाताओं में 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं... क्या बांग्ला बोलने से हम भारतीय नहीं रह जाते? क्या हमें बार–बार अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत है? पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के भाजपा के वादे पर बनर्जी ने कहा कि पार्टी यूसीसी के जरिए लोगों पर अपना फरमान थोपना चाहती है। उन्होंने कहा, यह पिछड़े समुदायों के खिलाफ होगा और इसका उद्देश्य लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीनना है। हम पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने देंगे। राज्य में हमारी लगातार चौथी जीत के बाद जब भाजपा अंततरू दिल्ली की सत्ता से हटा दी जाएगी तो हम इसे रद्द कर देंगे।

## ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती, राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी समेत तमाम नेताओं ने किया नमन

एजेंसी नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सांसदगण, पूर्व सांसदगण, लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा ज्योतिराव फुले 19वीं सदी के भारत के प्रमुख सामाजिक सुधारकों में से एक थे। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को समाप्त करने के लिए समर्पित किया और गरीबों, किसानों तथा समाज के अन्य वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने 1873 में श्सत्यशोधक समाजश की स्थापना की जिसका उद्देश्य शोषण को रोकना और भेदभावपूर्ण प्रथाओं से पीड़ितों को मुक्ति दिलाना था। वे उन शुरुआती विचारकों में भी थे जिन्होंने कृषि के महत्व, किसानों के कल्याण और कृषकों के लिए वैज्ञानिक शिक्षा पर बल दिया। महात्मा फुले 1876 से 1882 तक पुणे नगर पालिका के सदस्य रहे और 1888 में गरीबों एवं वंचितों की मुक्ति में उनके योगदान के लिए उन्हें महात्मा तथा भारत के बुकर टी. वॉशिंगटन की उपाधियों से



सम्मानित किया गया। संसद भवन परिसर में स्थापित महात्मा फुले की 12 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा, जिसका निर्माण राम वी. सुतार द्वारा किया गया था और जिसका अनावरण तीन दिसंबर 2003 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा फुले ने समाज को यह सिखाया कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब हर व्यक्ति को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि फुले के संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन में नई रोशनी जलाई और समाज में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया। योगी ने लोगों से आह्वान किया कि वे महात्मा फुले के विचारों को आगे बढ़ाते हुए एक समतामूलक और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लें। गौरतलब है कि ज्योतिबा फुले जयंती हर वर्ष 11 अप्रैल को मनाई जाती है। 19वीं सदी के प्रमुख समाज सुधारकों में शामिल फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं की शिक्षा, जातिगत समानता और छुआछूत के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। दोनों ने वर्ष 1848 में पुणे में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल की, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान को याद किया। मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्खासकर शिक्षा के माध्यम से स्त्री,नारी शक्ति के प्रणेता के रूप में महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा, महात्मा ज्योतिबा फुले के शब्दों में–विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई। नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया। वित्त बिना शूद्र हताश हुए और गुलाम बनकर रह गए। अर्थात यह सब कुछ शिक्षा के अभाव में हुआ और इसी से प्रेरित होकर आगे चलकर परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 19वीं सदी के मध्य में दलितों और शोषितों की मुक्ति के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले के जोरदार प्रयासों के कारण न केवल पुणे बल्कि पूरे महाराष्ट्र में सामाजिक परिवर्तन की नयी अलख जगी और विशेषकर नारी मुक्ति एवं सशक्तीकरण का ऐतिहासिक कार्य शुरु हुआ। उनके संघर्षों की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। बसपा प्रमुख ने कहा, ऐसे अति–पिछड़े,अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के महापुरुष की स्मृति और सम्मान में मेरी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में अनेक कार्य किए गए, जिनमें अमरोहा को ज्योतिबा फुले नगर जिला बनाना शामिल है। हालांकि, सपा सरकार ने संकीर्ण राजनीति और जातिवादी द्वेष के कारण इसका नाम बदल दिया। उन्होंने कहा, बसपा सरकार ने कासगंज को कांशीराम नगर, कानपुर देहात को रमाबाई नगर, संभल को भीमनगर, शामली को प्रबुद्ध नगर और हापुड़ को पंचशील नगर के नाम से नए जिले बनाए थे, लेकिन सपा सरकार ने जिलों को तो बरकरार रखा, पर इनके नाम बदल दिए। बसपा प्रमुख ने इसे पीडीए की अति–दुखद चाल, चरित्र और चेहरा करार दिया। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी ने उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। श्री गांधी ने कहा कि महात्मा फुले ने अपना संपूर्ण जीवन बहुजनों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भेदभाव और असमानता के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश को समता और न्याय का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले के आदर्श और विचार आज भी हमें सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं वाड्रा ने भी महात्मा फुले को सामाजिक क्रांति का अग्रदूत बताते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि फुले जी ने महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए और समाज को समानता व न्याय का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। महात्मा फुले का जीवन और उनके कार्य भारतीय समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव के रूप में सदैव याद किए जाते रहेंगे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा फुले ने अत्यंत कठिन दौर में घोर सामाजिक भेदभाव, विरोध और अपमान को सहते हुए भी महिला शिक्षा की मशाल जलाई। उन्होंने कहा कि उनके इसी दृढ़ संकल्प और सावित्रीबाई फुले के अतुलनीय सहयोग का ही परिणाम है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। उनके इन क्रांतिकारी प्रयासों के बिना आज नारी सशक्तिकरण की यह तस्वीर संभव न होती। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले के हम सदैव ऋणी रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण तथा सामाजिक सुधार के लिए उनका कार्य आज भी लोगों को प्रेरित करता है। फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र में हुआ था और 28 नवंबर 1890 को उनका निधन हुआ। नवीन ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, महात्मा ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं। सती प्रथा जैसी कुरीतियों का विरोध करने से लेकर महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तक सामाजिक सुधार में उनकी भूमिका आज भी देश को याद है।

## महाराष्ट्र के हिंगोली में 4.7 तीव्रता का भूकंप, नादेड़-परभणी में भी महसूस हुए झटके

एजेंसी छत्रपति। संभाजीनगर महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के हिंगोली जिले के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह 4.7 तीव्रता का भूकंप आया, जबकि पड़ोसी नांदेड़ और परभणी जिलों के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। अधिकारियों के अनुसार, अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है। हिंगोली के जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने श्पीटीआई–भाषाश को फोन पर बताया कि पांगरा शिंदे गांव में कुछ घरों और सामुदायिक भवनों में दरारें आ गई हैं। नांदेड़ जिला अधिकारियों ने राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई, जो सुबह 8.45 बजे दर्ज किया गया। इसका केंद्र हिंगोली जिले में वसमत तालुक के शिरली गांव में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि नांदेड़ शहर और उसके ग्रामीण क्षेत्रों अर्धापुर, हादगांव और हिमायतनगर तालुक के साथ–साथ परभणी जिले के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि, प्रभावित जिलों में कहीं से भी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन कुछ स्थानों पर मामूली ढांचागत नुकसान की सूचना मिली है। गुप्ता ने कहा, मुझे हिंगोली जिले में पांगरा शिंदे गांव के घरों और सामुदायिक भवनों में आई दरारों की तस्वीरें मिली हैं। हमारी टीम मौके पर जा रही हैं ताकि स्थिति का आकलन किया जा सके और नुकसान का सही आकलन किया जा सके। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। एहतियात के तौर पर नांदेड़ और परभणी में आपातकालीन टीम तैयार रखी गई हैं। प्राधिकारियों ने टिन की छत वाले घरों में रहने वाले लोगों को सलाह दी है कि वे छत पर रखे भारी पत्थरों को हटा दें और उनकी जगह शीट को बोल्ट से सुरक्षित करें। साथ ही, किसी भी तरह के झटके या असामान्य आवाज महसूस होने पर तुरंत खुले स्थान पर जाएं और आपातकालीन हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

# सम्पादकीय

## भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी का उदय

कांग्रेस से निष्कासन के बाद नवजोत कौर सिद्धू ने नई राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी बनाने का ऐलान किया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि भाजपा में शामिल होने की अटकलों बीच यह बड़ा कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी देशभर में न्याय, शांति और सेवा के लक्ष्य के साथ काम करेगी। साथ ही पंजाब को उसकी पुरानी पहचान दिलाने की बात कही। नई पार्टी के गठन से उनकी



नफीस जाफरी

भाजपा में जाने की चर्चाओं पर फिलहाल विराम लग गया है। पंजाब को लेकर उन्होंने विशेष रूप से कहा कि उनकी पार्टी राज्य को उसकी पुरानी पहचानश दिलाने के लिए काम करेगी, जहां प्रेम, साझा संस्.ति, न्याय और स्वतंत्रता की भावना हो. उन्होंने जनता की, जनता के लिए और जनता द्वारा सरकार देने की बात भी दोहराई गौरतलब है कि साल 2026 की शुरुआत में कांग्रेस से निलंबन के बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी, लेकिन नई पार्टी के ऐलान के साथ उन अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि कांग्रेस से निष्कासन के दो महीने बाद नवजोत कौर सिद्धू ने नई राजनीतिक पार्टी बना ली है। वो नवजोत सिद्ध की पत्नी हैं, जिन्हें दो महीने पहले कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। इस पार्टी का नाम भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी रखा गया है। नवजोत सिद्धू पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। नवजोत कौर ने नई पार्टी का ऐलान सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये किया। नवजोत कौर ने कुछ महीनों पहले सनसनीखेज दावा किया था कि पार्टी में मुख्यमंत्री की कुर्सी की कीमत 500 करोड़ रुपये होती है। यहां यह बताते चलें कि इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग पर निशाना भी साधा था। नवजोत कौर ने इसे लंबे इंतजार के बाद लिया गया फैसला बताया है। उन्होंने पार्टी के बैनर भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। नवजोत कौर ने अपने पोस्ट में लिखा, हमने मौजूदा राजनेताओं के प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद, हम राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प पर काम कर रहे हैं। नवजोत कौर ने कहा, हम अपना जीवन अपने देश को समर्पित करना चाहते हैं, लोगों को वह सब कुछ देना चाहते हैं जिसके वे वास्तव में हकदार हैं और हमसे अपेक्षा करते हैं। यह एक दैवीय हस्तक्षेप है, जिसने कुछ समान विचारधारा वाले व्यक्तियों को एक साथ लाया है, जिनमें न्याय और शांति प्रदान करने के साझा लक्ष्य के साथ प्रत्येक राज्य में काम करने की क्षमता, आत्मविश्वास, साहस और .ढ़ संकल्प है और प्रेम के माध्यम से उच्च चेतना की ऊर्जा के साथ काम करते हुए वाहेगुरु जी की इच्छा को पूरा करना चाहते हैं। नवजोत कौर 2012 में भाजपा के टिकट पर अमृतसर पूर्व से विधायक चुनी गई थीं और उन्होंने मुख्य संसदीय सचिव (स्वास्थ्य) के रूप में भी कार्य किया था। उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनावों से पहले अपने पति के साथ कांग्रेस में शामिल हो गईं। नवजोत कौर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष वारिंग पर राज्य इकाई को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उन पर हमला कर रही थीं और उन्हें अब तक का सबसे घिनौना, अक्षम और भ्रष्ट अध्यक्ष बता रही थीं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला किया था। गौरतलब है कि 6 फरवरी को पंजाब के प्रभारी कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने घोषणा की कि नवजोत कौर को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

# बिहार में सम्राट चौधरी या फिर कोई और?



गुलफिशा खान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली रवाना हो गए। जहां उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की संभावना है, जिसमें बिहार की भावी राजनीतिक दिशा और नई सरकार के गठन को लेकर अहम चर्चा हो सकती है। नीतीश कुमार के दिल्ली जाने पर लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने उन पर निशाना साधा है। लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य नीतीश को मौकापरस्त बता रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर नीतीश कुमार को नीतीश चाचा कहकर उनकी एक फोटो भी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा, बनकर भीगी बिल्ली, चाचा चले गए दिल्ली। उन्होंने आगे लिखा, सही कहा गया है, मौकापरस्ती और धोखा बिना भुगतान के पीछा नहीं छोड़ते। भुगतना पड़ गया ना, चाचा जी। एक–दो दिन में छिन जाएगी कुर्सी और टूट जाएगा नाता सियासत–ए–बिहार से। काश, आप बिना पलटी मारे रह पाते। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के दिल्ली जाने की संभावित खबरों के साथ ही बिहार की राजनीति में नए मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। सत्ता के गलियारों में अब केवल नामों की चर्चा नहीं हो रही, बल्कि यह भी आकलन किया जा रहा है कि कौन नेता सबसे आगे है। कौन बैकअप विकल्प के तौर पर तैयार है और कौन ऐसा चेहरा हो सकता है? जिसे आखिरी समय में सरप्राइज फेस के रूप में सामने लाया जाए। भाजपा और संघ दोनों इस फैसले को बहुत सोच–समझकर लेने की तैयारी में हैं, क्योंकि यह फैसला सीधे आने वाले चुनाव और सरकार की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। सबसे आगे जिन नामों को माना जा रहा है,उनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम सबसे प्रमुख है। सम्राट चौधरी संगठन और सरकार दोनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और पार्टी के भीतर उनका प्रभाव लगातार बढ़ा है। वे पिछड़े वर्ग से आते हैं, इसलिए सामाजिक समीकरण के लिहाज से भी उनका नाम मजबूत माना जा रहा है। राजनीतिक तौर पर उन्हें आक्रामक और फैसले लेने वाला नेता माना जाता है। अगर भाजपा स्पष्ट राजनीतिक संदेश देना चाहे और मजबूत नेतृत्व दिखाना चाहे, तो सम्राट चौधरी सबसे आगे दिखते हैं। दूसरे नंबर पर, यानी मजबूत दावेदार के रूप में विजय कुमार सिन्हा का नाम लगातार चर्चा में




है। विजय सिन्हा को संघ के करीब और अनुशासित नेता के रूप में देखा जाता है। वे पहले विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं और प्रशासनिक अनुभव रखते हैं। पार्टी के भीतर उन्हें एक संतुलित नेता के रूप में देखा जाता है, जो संगठन और सरकार के बीच तालमेल बनाए रख सकते हैं। अब बात बैकअप विकल्पों की करें, तो सबसे पहले नाम विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का आता है। प्रेम कुमार लंबे समय से पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं और संगठन में उनकी साफ–सुथरी छवि मानी जाती है। उन्हें ऐसा नेता माना जाता है, जो विवादों से दूर रहते हैं और सभी गुटों के लिए स्वीकार्य हो सकते हैं। इसलिए अगर पार्टी किसी समझौता उम्मीदवार की तलाश में हो, तो प्रेम कुमार एक मजबूत बैकअप विकल्प बन सकते हैं। इसी तरह मंत्री मंगल पांडे का नाम भी बैकअप विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। मंगल पांडे संगठन के पुराने और अनुभवी नेता हैं और कई अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उनका नाम सामाजिक संतुलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर पार्टी जातीय संतुलन को ध्यान में रखकर फैसला लेना चाहे, तो उनका नाम तेजी से आगे आ सकता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को भी बैकअप विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। संजय जायसवाल संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। अगर पार्टी संगठन को प्राथमिकता देना चाहे, तो उनका नाम भी समीकरण में शामिल हो सकता है। अब बात उन नेताओं की, जिन्हें सरप्राइज फेस के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे नाम अक्सर आखिरी समय में सामने आते हैं और पहले उनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। इसी श्रेणी में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का नाम भी लिया जा रहा है। गिरिराज सिंह तेज–तर्रार और स्पष्ट छवि वाले नेता हैं और पार्टी के कोर समर्थकों के बीच उनकी मजबूत पहचान है। हालांकि फिलहाल वे केंद्र में अहम भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अगर पार्टी बड़ा राजनीतिक संदेश देना चाहे, तो उनका नाम अचानक सामने आ सकता है। एक और संभावित सरप्राइज फेस केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे को भी माना जा रहा है। वे पार्टी के पुराने और अनुभवी नेता हैं और संगठन के साथ उनका अच्छा तालमेल माना जाता है। अगर पार्टी किसी अनुभवी और भरोसेमंद चेहरे को अचानक आगे लाना चाहे, तो उनका नाम चर्चा में आ सकता है। इसके अलावा मंत्री जनक राम का नाम भी सरप्राइज विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। वे अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं और जमीनी स्तर पर उनकी पहचान मजबूत है। अगर पार्टी दलित नेतृत्व को आगे लाने का संदेश देना चाहे, तो उनका नाम अचानक सामने आ सकता है। पूर्व उपमुख्यमंत्री रेनू देवी को भी सरप्राइज फेस के रूप में देखा जा रहा है। वे महिला और अत्यंत पिछड़ा वर्ग समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर पार्टी महिला नेतृत्व को आगे लाने का बड़ा राजनीतिक संदेश देना चाहे, तो उनका नाम अचानक प्रमुखता से सामने आ सकता है। बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर धीरे–धीरे साफ होती नजर आ रही है। फिलहाल सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सबसे आगे माने जा रहे हैं, जबकि प्रेम कुमार, मंगल पांडे और संजय जायसवाल जैसे नेता मजबूत बैकअप विकल्प के रूप में देखे जा रहे हैं। वहीं गिरिराज सिंह, अश्विनी कुमार चौबे, जनक राम और रेनू देवी जैसे नाम सरप्राइज फेस के तौर पर चर्चा में हैं। अब सबकी नजर भाजपा आलाकमान और संघ के अंतिम फैसले पर टिकी है, जो तय करेगा कि बिहार की सत्ता की कमान आखिर किसके हाथ में सौंपी जाएगी।

# सिर्फ़ ट्रंप ही नहीं, नेतन्याहू भी घरेलू स्तर पर हुए कमज़ोर!



फरीद वारसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से सीजफायर के बीच नाटो देशों पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर कहा है कि नाटो तब भी नहीं था जब हमें उनकी जरूरत थी और नाटो आगे भी तब हमारे साथ नहीं होगा जब हमें उनकी जरूरत होगी। आपको ग्रीन लैंड तो याद है ना वही जो बर्फ का एक बड़ा सा टुकड़ा है। आपको बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब ट्रंप ने नाटो देशों पर निशाना साधा हो। अब बात मिडिल ईस्ट में हुए सीज फायर की तो गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में 40 दिनों की भीषण जंग के बाद आखिरकार अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर पर सहमति बनी। लेकिन इससे संघर्ष खत्म नहीं होता। सीजफायर महज यह उजागर कर रहा है कि यह युद्ध कौन लड़ रहा था और इसके इर्द–गिर्द कौन जीत रहा था। अगर हम सीजफायर के रिपोर्ट कार्ड की बात करें, तो देखने में लगता है कि इस जंग में मुख्य रूप से तीन पक्ष शामिल थे– अमेरिका, ईरान और इजरायल। लेकिन सीजफायर की शर्तें दूसरों ने तय कीं। कौन लड़ा और किसने मध्यस्थता की, यही बताता है जंग में असली जीत किसकी हुई। ईरान इस संघर्ष में हर मायने में विजेता है। सैन्य नतीजा एक बराबरी पर रहा और दुनिया की सबसे ताकतवर सेना के खिलाफ बराबरी पर रहना भी एक जीत है। ईरान की मिसाइल फौज अभी भी काम कर रही है। जंग में ईरान के डिफेंस सिस्टम की असल परीक्षा हुई, जिसमें वो सफल रहा। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का कंट्रोल बरकरार है। इस रास्ते पर तनाव की वजह से तेल की कीमतें बढ़ीं, जिससे तेहरान को आर्थिक मजबूती मिली। ईरान ने साबित कर दिया कि वह सैन्य और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर दबाव बना सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि ईरान का एक्सिस ऑफ रजिस्टेंस यानी उसका नेटवर्क सुरक्षित है। हिजबुल्ला, हूती और इराकी गुट पहले से ज्यादा मजबूत होकर उभरे हैं। तेहरान अब गर्व से कह सकता है कि उसके पास परमाणु शक्ति संपन्न दुश्मनों को रोकने की क्षमता है। एक रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में अमेरिका को गहरा झटका लगा है। एक क्षेत्रीय शक्ति ईरान के खिलाफ अपने लक्ष्य हासिल न कर पाना वाशिंगटन के लिए चिंता की बात है। खाड़ी देशों और पूर्वी एशिया में अमेरिका के साथियों को अब अपनी सुरक्षा रणनीति पर फिर से विचार करना होगा। अब हमारे हथियार खरीदो और हम तुम्हारी रक्षा करेंगे वाला अमेरिकी वादा बेचना मुश्किल होगा। वहीं डोनाल्ड ट्रंप का मामला अलग है। उन्हें अमेरिका के लंबे समय के प्रभाव की चिंता नहीं है। उनकी दिलचस्पी शांतिदूत और युद्ध खत्म करने वालेश नेता की अपनी छवि बनाने में है। उनके नजरिए से यह सीजफायर सही है। ट्रंप ने वही किया जो उनके समर्थकों को पसंद है। इसके लंबे समय में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी उनके उत्तराधिकारियों पर होगी। एक देश के रूप में इजरायल बना रहेगा, लेकिन एक नेता के रूप में बेंजामिन नेतन्याहू का बचना मुश्किल लग रहा है। यह युद्ध उनके राजनीतिक जीवन को बचाने का एक जरिया था। पूर्ण विजय का वादा ही उनकी सरकार और कानूनी मुश्किलों को थामे हुए था। बिना जीत के सीजफायर ने वह पर्दा हटा दिया है। बंधकों के परिवार गुस्से में हैं और उनके साथी साथ छोड़ रहे हैं। नेतन्याहू घरेलू स्तर पर कमजोर और



कानूनी तौर पर असुरक्षित हो गए हैं। सऊदी अरब– यह देश सबसे ज्यादा खतरे में है। युद्ध के दौरान ईरानी हमलों ने दिखाया कि सऊदी अरब के तेल के ठिकाने और डिफेंस सिस्टम ईरान की पहुंच में हैं। सीजफायर से बमबारी तो रुक गई, लेकिन खतरा खत्म नहीं हुआ। यूएई– अबू धाबी ने खुलकर अमेरिका का साथ दिया था, इस उम्मीद में कि कोई निर्णायक नतीजा निकलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब उसे डर है कि ईरान इस बात को भूलेगा नहीं। क्तर– कतर की स्थिति अन्य खाड़ी देशों से बेहतर है। उसकी तटस्थता और ईरान के साथ गैस व्यापार ने उसे सुरक्षा दी है। लेकिन कतर भी अब जान चुका है कि अमेरिकी सुरक्षा की एक सीमा है। पाकिस्तान– इस जंग में पाकिस्तान की भूमिका चौंकाने वाली रही। इस्लामाबाद समझौता पाकिस्तान के लिए पिछले दशक का सबसे बड़ा कूटनीतिक पल है, जिससे वह वैश्विक मंच पर फिर से प्रासंगिक हो गया है। खाड़ी के कुछ देश शायद पाकिस्तान के ईरान की ओर झुकाव से खुश न हों, लेकिन पाकिस्तान की परमाणु शक्ति और श्रम निर्यात की वजह से वे उससे रिश्ता नहीं तोड़ सकते। चीन– चीन को खामोशी से बड़ा फायदा हुआ है। उसने ईरान के साथ अपने आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल सीजफायर के लिए किया और अपनी जिम्मेदार महाशक्ति वाली छवि मजबूत की। बिना कुछ खोए चीन को काफी बढ़त मिली है। भारत– इस संघर्ष से भारत को आर्थिक रूप से लाभ हुआ है. तेल की कीमतों में स्थिरता आई है और समुद्री रास्ते सुरक्षित हुए हैं। हालांकि भारत के लिए पाकिस्तान का कूटनीतिक रूप से मजबूत होना एक छोटी परेशानी जरूर है, जिसे संभाला जा सकता है। फिलिस्तीन की स्थिति साफ नहीं है। ईरान के मजबूत होने का मतलब है कि उनके सबसे बड़े समर्थक की ताकत बढ़ी है। लेकिन इजरायल इस सीजफायर से निराश और अपमानित महसूस कर रहा है और उसका गुस्सा कहीं न कहीं निकलेगा। गाजा अभी भी उसका सबसे आसान निशाना है। एक तरफ मजबूत संरक्षक ईरान है, तो दूसरी तरफ एक घायल और खतरनाक पड़ोसी इजरायल। यह सीजफायर अमेरिका और ईरान, या इजरायल और हिजबुल्ला के बीच के असली झगड़े को खत्म नहीं करता। इसने बस यह साफ कर दिया है कि ताकत किसके पास है. ईरान ने अपना दबदबा दिखाया। सऊदी अरब ने अपनी कमजोरी जानी। अमेरिका ने अपनी सीमाएं देखीं और ट्रंप ने अपनी जीत का ऐलान किया। ये चारों बातें एक साथ सच हो सकती हैं। यही वह कहानी है जो इस सीजफायर ने हमारे सामने पेश की है।

## सपाइयों ने मनाया ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा में बोधिसत्वप महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वर्मा रहीं। अध्यक्ष ने अपने विचार में उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला,लोक सभा प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ने उनके द्वारा किए सामाजिक उत्थान पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में मुख्य




रूप से उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, बाबा वाहिनी की अध्यक्षा सुमन दिवाकर, नरैनी विधान सभा अध्यक्ष मुन्ना पटेल, तिंदवारी विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद निषाद, विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव, जिला सचिव वीरेंद्र गुप्ता बाबू, नीलू सिंह, पुष्पेंद्र चुनपले, वरिष्ठ नेता दिनेश अनुरागी, रामबाबू वर्मा, इरफान खान, नंद किशोर यादव, नगर अध्यक्ष कुतैबा जमा, रियाज अली, राम बाबू यादव, अंकित दिवाकर, रवींद्र कुमार भारतीय, राकेश प्रसाद आदि दर्जनों कार्यकर्ता नेता पदाधिकारी उपस्थिति रहे। सभा का कुशल संचालन एजाज खान ने किया।

## एसपी ने तिंदवारी थाने का किया निरीक्षण

### – दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना तिंदवारी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान




थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरतारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, मेस तथा थाने की साफ–सफाई आदि का गहन अवलोकन कर कमियों को जल्द पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# डिजिटल जनगणना 2027: भारत की प्रशासनिक क्षमता का नया अध्याय

अरुण कुमार डनायक

भारत में आधुनिक जनगणना 1881 में पहली बार पूरे देश में समन्वित रूप से संपन्न हुई। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित की गई। अब, 2027 की जनगणना स्वतंत्र भारत की आठवीं और कुल सोलहवीं जनगणना है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें लगभग 30 लाख गणनाकर्मी स्मार्टफोन आधारित मोबाइल ऐप से सीधे डेटा अपलोड करेंगे। यह ऐप हिन्दी–अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है और बिना इंटरनेट के भी दूरदराज क्षेत्रों में कार्य करता है। यद्यपि गणनाकर्मी पूर्ववत् घर–घर जाकर विवरण संकलित करेंगे, इस बार उत्तरदाताओं को स्व–गणना का विकल्प भी दिया गया है। नागरिक ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल पर लॉगिन कर स्थान चिन्हित, गृह विवरण भरने और सूचना प्रेषित करने पर एक विशिष्ट स्व–गणना आईडी प्राप्त करेंगे, जिसे गणनाकार को देने पर अभिलेख में सम्मिलित कर लिया जाएगा। यह सुविधा समय बचाते हुए नागरिकों को अपनी सुविधा अनुसार जानकारी भरने का अवसर देती है। डिजिटल जनगणना भारत की प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता को नई दिशा देने वाला कदम है, जो पारदर्शी, त्वरित और नागरिक–केंद्रित शासन व्यवस्था के भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। हालांकि डिजिटल जनगणना की सफलता डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करने के साथ–साथ गणनाकर्मियों के प्रशिक्षण, डिजिटल दक्षता और जमीनी स्तर की व्यावहारिक चुनौतियों के प्रभावी समाधान पर भी निर्भर करेगी। जनगणना दो चरणों में संपन्न होगीकृ पहले चरण में गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच राज्यों की सुविधा के अनुसार 30 दिनों की अवधि में की जायेगी। इस चरण में भवन की पहचान, निर्माण सामग्री, स्वामित्व, निवासियों की संख्या, जल– स्वच्छता –विद्युत–ईंधन की उपलब्धता, घरेलू परिसंपत्तियों तथा परिवार प्रमुख, लिंग और दांपत्य स्थिति जैसे जनसांख्यिकीय विवरणों सहित कुल 33 प्रश्न सम्मिलित होंगे, जिनमें सहजीवन को भी स्थिर संबंध मानकर विवाहित की श्रेणी में रखा जाएगा। फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से आयु, शिक्षा, व्यवसाय, प्रवासन, प्रजनन, धर्म, भाषा, सामाजिक आर्थिक स्थिति, तथा सांस्कृतिक विशेषताओं जैसे व्यक्ति–स्तरीय विवरण संकलित किए जाएंगे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मकान सूचीकरण जनगणना 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित की जाएगी, जबकि स्व–गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक रहेगी। 1931 के बाद पहली बार द्वितीय चरण में जाति आधारित गणना की जाएगी, जो इस जनगणना का सबसे चर्चित और विवादास्पद पहलू है, विशेषकर क्योंकि भाजपा प्रारंभ में इसके विरोध में थी। 1951 में श्सामाजिक विभाजनश की आशंका के कारण इसे बंद कर दिया गया था और तब से केवल अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित सीमित जानकारी ही एकत्र होती रही। किंतु वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों ने इस प्रश्न को पुनरू केंद्र में ला दिया हैय विस्तृत जाति आंकड़ों के अभाव में नीति निर्माण श्अंधेरे में तीर चलानेश्य जैसा हो गया है, जिससे न संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित हो पा रहा है और न ही वंचित समुदायों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो रही है। दूसरी ओर, विरोधियों का तर्क है कि जाति गणना से जातीय पहचानें कठोर होंगी, सामाजिक विभाजन गहरे होंगे और जाति को एक स्थायी सरकारी मान्यता मिल जाएगी। यह बहस केवल शैक्षणिक नहीं हैय इसका सीधा प्रभाव आरक्षण नीति, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और अन्य पिछड़ा वर्ग उपवर्गीकरण जैसे मुद्दों पर पड़ेगा। इस जनगणना के सामाजिक प्रभावों के साथ इसके राजनीतिक परिणाम भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसके बाद परिसीमन के तहत जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं पुनर्निर्धारित होंगी, और दक्षिण भारत के राज्यों को आशंका है कि इससे उत्तर भारत को अत्यधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सकता है। संसद में महिलाओं के लिए एक–तिहाई आरक्षण का प्रावधान भी इसी प्रक्रिया के उपरांत लागू होगा। इसी संदर्भ में नागरिकता से जुड़े प्रश्न भी उभरते हैं। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के पूरे देश में लागू होने की घोषणा तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम के कारण यह आशंका है कि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग नागरिकता निर्धारण में किया जा सकता है। यह पहली बार होगा जब जनगणना का प्रत्यक्ष संबंध नागरिकता से स्थापित हो सकता है, जिससे कुछ समुदायों में गंभीर चिंता उत्पन्न हुई है। सत्तारूढ़ दक्षिणपंथी सरकार पर यह आरोप लगते रहें हैं कि वह मुस्लिम समुदाय के प्रति वैमनस्य को बढ़ावा दे रही है। पिछले वर्ष अनेक अवैध प्रवासियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर भेजा गया। कुछ मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों ने आरोप लगाया कि रोहिंग्या शरणार्थियों को अंडमान सागर के निकट छोड़ दिया गया, जिससे भारत की प्रवासन नीतियों और नागरिकता बहसों में चिंताएं तीव्र हुईं। इसके अलावा, कई भाजपा नेता मात्र 14 प्रतिशत आबादी वाले मुसलमानों को देश के लिए खतरा बताकर यह मिथक फैलाते रहे हैं कि वे शीघ्र ही हिंदू जनसंख्या को पीछे छोड़ देंगे, जिससे भेदभाव और सामाजिक असुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। कोविड–19 के कारण 2021 की जनगणना स्थगित होने से डेटा तंत्र में गंभीर रिक्तताएं उत्पन्न हुईं, क्योंकि अधिकांश सर्वेक्षण जनगणना को ही अपने सैम्पलिंग फ्रेम के रूप में उपयोग करते हैंय इसके पुराने होने से उनकी प्रतिनिधिकता प्रभावित होती है और नीति निर्माण में त्रुटियां बढ़ती हैं। पिछले दशक में डेटा पारदर्शिता पर उठे प्रश्नोंकृडेटा साझा न करने, गुणवत्ता के नाम पर त्याग और बार–बार पद्धति परिवर्तनकृको देखते हुए जनगणना को जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी ढंग से संचालित किया जाना आवश्यक है। जनगणना 2027 केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि वह आधार है जिसके माध्यम से नीतियां निर्मित होंगी, संसाधनों का वितरण तय होगा और भारत के भविष्य की दिशा निर्धारित होगी। भारत की यह ऐतिहासिक जनगणनाकृ डिजिटल तकनीक, स्वयं गणना, जाति आधारित डेटा और राजनीतिक सामाजिक प्रभावों के साथकृनिश्चित रूप से आने वाले वर्षों में देश की संरचना और संवाद को गहराई से प्रभावित करेगी।

# बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो/ शेरकोट, बिजनौर। क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब अफजलगढ़ रोड स्थित सिंगाई की पुलिया के पास एक बुजुर्ग महिला का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक महिला एक दिन पहले आंख बनवाने के लिए धामपुर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी, इसी बीच हाइवे किनारे शव मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। महिला के चेहरे पर किसी जंगली जानवर द्वारा हमले जैसे निशान पाए गए हैं, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और हर पहलू पर बारीकी से जांच की जा रही है।

# आतंकी नेटवर्क मामले में कार्रवाई तेज, दो आरोपी दबोचे

न्यूज वाणी ब्यूरो/ बिजनौर। सामने आए संदिग्ध आतंकी गतिविधियों के मामले में पुलिस और एटीएस की जांच लगातार नए खुलासे कर रही है। ताजा घटनाक्रम में पुलिस ने उवैद और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार किया है, जबकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले एटीएस ने चार संदिग्धों को पकड़कर एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया था। जांच के दौरान एक वायरल वीडियो भी सामने आया, जिसमें आधुनिक हथियार जैसे एके–47 और हैंडग्रेनेड दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर 23 नवंबर को नांगल थाने में मामला दर्ज किया गया था। हालांकि उस समय संबंधित थानाध्यक्ष ने वीडियो को गंभीर न मानते हुए हथियारों को खिलौना बताया था, लेकिन एटीएस की गहन जांच में मामला संदिग्ध और गंभीर पाया गया। इसके बाद संबंधित थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया और क्षेत्राधिकारी स्तर पर भी कार्रवाई की गई। मामले की जांच फिर से शुरू की गई। दोबारा जांच में खुलासा हुआ कि इस वीडियो में आकिब, मैजुल, उवैद के अलावा सऊदी अरब में रह रहा आजाद भी शामिल था। पुलिस के अनुसार, गिरतारी के बाद उवैद ने पूछताछ में बताया कि मामला उजागर होने पर उसे नेपाल भागने की सलाह दी गई थी। साथ ही उसे विदेश भागने के लिए कथित पाकिस्तानी संपर्कों से भी जोड़ने की कोशिश की गई। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में समीर उर्फ रुहान, मैजुल, आकिब और आजाद की तलाश जारी है। इनमें से कुछ आरोपी विदेश में हैं जिनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया गया है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं और आने वाले दिनों में और अहम खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# एसआईआर कार्यक्रम पूरा, अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता एवं जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें, भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, आप, सीपीआईएम आदि पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम मतदाता सूची का विधिवत् प्रकाशन किया गया और उन्हें, प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति फोटो युक्त (हार्ड कॉपी) निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं विशेष कर युवाओं और महिलाओं के नाम जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है। आम जनमानस की सुविधा के लिए यह सूची संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, तहसील मुख्यालयों और जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है।



विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन का विमोचन जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा हुआ, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर लें, 'हमारा लक्ष्य कोई भी मतदाता न छूटे' के संकल्प को पूर्ण करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सीपीआईएम के जिला महासचिव नवल सिंह एडवोकेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि प्रभारी विधानसभा टूंडला अखिलेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी डॉ विजय आर्य, जिला महासचिव कांग्रेस शैलेंद्र शर्मा, सीपीआईएम के जिला सचिव फिरोजाबाद सोमेश कुमार चक, सी.पी. आई.आई.एम. के जिला मंडल सदस्य भूरी सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी निर्मल कुमार, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी शिव शंकर शर्मा, उप जिलाधिकारी सिरसागंज धर्मवीर भारती, उप जिलाधिकारी जसराना राजेश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी टूंडला अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद डॉ. गजेंद्र पाल सिंह सहित सम्बन्धित आदि उपस्थित रहे।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में प्रगति पत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में सत्र 2025–2026 का परीक्षाफल विद्यार्थियों को समस्त कक्षाध्यापक बंधुओं द्वारा वितरित किया गया।



जिसमें कक्षा 11 व 2 के कक्षाध्यापक अंजय जैन, अश्वनी कुमार जैन व निशान्त जैन, विपुल जैन ने भी अपनी कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षाफल घोषित करते हुए समस्त विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान किए। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि कक्षा 11 व 2 में परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान कु मुस्कान, द्वितीय स्थान अनाया, तृतीय स्थान अतिमा ने प्राप्त किया। अंजय जैन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी कक्षा 12 में प्रवेश की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रगति पत्र एवं सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कराहट का अनुभव हो रहा था। इस अवसर पर कु अंजली, करिश्मा, परी, स्मृति, सोनल, खुशी, प्रियंका, सिमरन, साक्षी, शिवानी, नैना, आशिका, आस्था, प्रियांशु, प्रिंस, देव, रामगोपाल, कार्तिक शर्मा, अनिरुद्ध, अविराज, अमित, प्रवीन, गिलक्रिस्ट एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप की हकीकत जानने कटघरा शंकर पहुंचे डीएम

## – फार्मर आईडी के बिना सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाएंगे किसान

## – 15 अप्रैल तक प्रत्येक गांव में आयोजित होंगे कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने विकास खंड फतेहपुर मंडाव के ग्राम पंचायत कटघरा शंकर के पंचायत भवन पर फार्मर रजिस्ट्री हेतु लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 6 अप्रैल से संचालित कैंप में अब तक कितने किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई, इस संबंध में पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, लेखपाल, प्रधान एवं उपस्थित किसानों से भी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, लेखपाल एवं कोटेदारों के साथ बैठक कर प्रत्येक गांव में फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करते हुए समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने ऐसे किसानों को जो मौके पर नहीं है, अथवा बाहर कार्य करते हैं,उनसे ये अपील किया कि वे जहां पर हैं, वहां पर किसी भी जन सेवा केंद्र पर आधार कार्ड, खतौनी एवं मोबाइल नंबर के साथ स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री हेतु जारी पोर्टल पर स्वयं अपने मोबाइल से भी फार्मर आईडी जेनरेट कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित कोटेदारों को भी निर्देश दिए कि उन्हें उपलब्ध कराई गई सूची से मिलान करते हुए जो लोग भी बाहर रहते हैं, उन्हें सूचित अवश्य कर दे। साथ ही उन्हें स्वयं भी रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रेरित करें। इसके अलावा जो लोग गांव में निवास करते हैं तथा जिन्होंने अब तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, लेखपाल एवं सचिव दोनों लोग मिलकर ऐसे लोगों से संपर्क स्थापित करते हुए उनका फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने संबंधित लेखपाल को अगले दो दिनों में मिसमैचिंग के प्रकरण, अंश निर्धारण तथा न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संबंधित किसानों से संपर्क करने के साथ ही उनकी सूची खंड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे सोमवार से उनका फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सचिव एवं लेखपाल को इस काम में तेजी लाने हेतु फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानों की सूची तैयार कर समन्वय स्थापित करते हुए समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री न होने पर अनाज क्रय केंद्रों पर नहीं बेचे जा सकेंगे। इसके अलावा खाद, बीज, कीटनाशी वितरण के दौरान भी सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी किसानों को नहीं मिल पाएगी। इसलिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु समस्त किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित ग्राम प्रधान को भी फार्मर आईडी न बनने पर होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों से मिलकर अवगत कराने तथा उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रेरित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सचिव एवं लेखपाल को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लेने वाले अपात्र लोगों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन गांव–गांव जा रहा है। वर्तमान प्रधान सहित पूर्व प्रधान भी इस काम में सहयोग करें, जिससे समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराया जा सके। उन्होंने जनपद के समस्त किसानों से अपील भी की कि जो भी किसान अब तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराए हैं वे प्रत्येक ग्राम सभा में आयोजित हो रहे कैंपों पर उपस्थित होकर अपना फार्मर आईडी अवश्य जनरेट करा लें। इसके अलावा किसान स्वयं भी जन सेवा केंद्र अथवा अपने मोबाइल या कंप्यूटर से भी संबंधित पोर्टल पर जानकारी भरते हुए फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगा वे सरकार द्वारा .षि विभाग सहित .षि संबंधित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। इस दौरान जिला .षि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, खंड विकास अधिकारी फतेहपुर मंडाव, तहसीलदार मधुबन धर्मेंद्र पांडेय सहित अन्य संबंधित कर्मचारी एवं गांव के किसान उपस्थित रहे।

# डीएम ने विद्यालय में एस्ट्रो लैब का किया उद्घाटन

## - उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर में स्कूल चलो अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर (सदर) में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक ईरजराजा एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों के नामांकन की औपचारिक शुरुआत की गई। अधिकारियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं पाठ्य सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए अपने बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यालय में स्थापित एस्ट्रो लैब का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों ने दूरबीन के माध्यम से आकाशीय पिंडों एवं दूरस्थ वस्तुओं के अवलोकन की प्रक्रिया को देखा तथा बच्चों को इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में एस्ट्रो लैब की महत्ता पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि एस्ट्रो लैब केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि बच्चों के लिए विज्ञान की दुनिया का द्वार है। इसके माध्यम से बच्चे आकाश, ग्रह–नक्षत्रों एवं ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने की जिज्ञासा विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की प्रयोगात्मक सुविधाओं का नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे बच्चों में करके सीखने की प्रवृत्ति विकसित हो सके। उन्होंने आगे निर्देशित किया कि एस्ट्रो लैब का नियमित एवं प्रभावी अनुप्रयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह केवल एक प्रदर्शन तक सीमित न रहकर बच्चों के दैनिक शिक्षण–अधिगम का हिस्सा बने। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे बच्चों को प्रतिदिन या साप्ताहिक रूप से लैब का उपयोग कराएं तथा विज्ञान विषय को रोचक और अनुभवात्मक बनाएं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे चारों ओर है। एस्ट्रो लैब के माध्यम से आप



स्वयं प्रयोग कर सकते हैं, आकाश को समझ सकते हैं और अपने अंदर छिपे वैज्ञानिक को पहचान सकते हैं। उन्होंने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ईरजराजा ने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासन, सुरक्षा एवं जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा को समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताते हुए निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं लघु नाटिकाएं शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिका द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यालय को निपुण बनाने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# खैराबाद हाईटेंशन लाइन बनी आग की चिंगारी

## - 50 बीघा गेहूं राख, 25 किसान तबाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, खैराबाद। खैराबाद थाना क्षेत्र के गुरपलिया गांव में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण अग्निकांड ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। गेहूं के खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर खेतों में गिर गया। जिससे सूखी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 25 किसानों की 50 बीघा से अधिक खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं ने आग को और भड़काने का काम किया, जिससे लपटें तेजी से एक खेत से दूसरे खेत तक फैलती चली गईं। आग की भयावहता देखकर गांव में हड़कंप मच गया और किसान अपनी फसल बचाने के लिए खेतों



की ओर दौड़ पड़े। ट्रैक्टर से जोतकर रोकी आग की रतार आग पर काबू पाने के लिए किसानों ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टरों से खेतों को जोतना शुरू किया, ताकि आग आगे न बढ़ सके। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से किसी तरह आग को सीमित किया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। दमकल की देरी पर उठे सवाल ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड और पुलिस समय पर नहीं पहुंची। जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक आग ने सैकड़ों क्विंटल गेहूं की फसल को निगल लिया था। लाखों का नुकसान, किसानों में आक्रोश इस हादसे में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभावित किसान गहरे सदमे में हैं और प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने शुरू किया नुकसान का आकलन घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई और सहायता सुनिश्चित की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर जर्जर बिजली लाइनों की खतरनाक हकीकत को उजागर करता है, जो किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं।

# सीएमओ की छापेमारी से झोलाछाप व अवैध संचालकों में भगदड़

न्यूज वाणी ब्यूरो/ लहरपुर, सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के कड़े रुख के बाद अब जनपद का स्वास्थ्य महकमा भी पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने लहरपुर क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों पर अचानक छापेमारी की। इस औचक निरीक्षण के दौरान जो तस्वीरें सामने आईं, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और आम जनता के होश उड़ा दिए। कहीं बेसमेंट के अंधेरे कमरों में मरीजों का इलाज हो रहा था, तो कहीं बिना किसी वैध कागजात के ही जीवन रक्षक केंद्र (अस्पताल) धड़ल्ले से चल रहे थे। छापेमारी के दौरान सबसे सनसनीखेज मामला स्वालो हॉस्पिटल में देखने को मिला। यहां अस्पताल की बिल्डिंग के बेसमेंट में नियम–विरुद्ध तरीके से मरीज भर्ती पाए गए और वहीं उनका उपचार किया जा रहा था। बता दें कि सुरक्षा मानकों के अनुसार बेसमेंट में मरीजों को भर्ती करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। सीएमओ ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए बेसमेंट को तत्काल खाली कराने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रबंधन को दो दिन की मोहलत देते हुए बेसमेंट बंद करने और उसकी फोटो रिपोर्ट कार्यालय में पेश करने का कड़ा अल्टीमेटम दिया गया है। दोबारा उल्लंघन पर अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी गई है। जांच की अगली कड़ी में सीतापुर मार्ग पर स्थित मर्सी हॉस्पिटल की पोल खुली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन कोई भी वैध पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) दिखाने में नाकाम रहा। बिना अनुमति के अस्पताल चलाने को लेकर सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल को बंद करने और सीलिंग की कार्रवाई का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि किसी भी व्यक्ति को जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



# खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे चालक

न्यूज वाणी ब्यूरो/ सिधौली, सीतापुर। शनिवार सुबह कस्बे में एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब लखनऊ–सीतापुर लेन पर ओवरब्रिज के ऊपर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से आ रहे तेज रतार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना सुबह करीब 5 बजे की है।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 30 पर बस स्टॉप के सामने स्थित ओवरब्रिज पर एक ट्रक रात में खराब होकर डिवाइडर के किनारे खड़ा था। तड़के लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रहा एक तेज रतार ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा और सीधे खड़े ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर कुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हालांकि गनीमत यह रही कि टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक और क्लीनर पूरी तरह सुरक्षित बच निकले। वहीं, खराब खड़े ट्रक में उस समय कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे की टीम और हाईवे पेट्रोलिंग एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। टीम ने तत्परता दिखाते हुए हालात को संभाला और कुछ ही देर में यातायात को सुचारु रूप से बहाल करा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज पर खराब वाहनों के खड़े रहने से अक्सर हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरैंचा में शिक्षा चौपाल सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। संकुल धरैंचा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरैंचा में संकुल शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसआरजी करुणेश मिश्र ने की जबकि कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राम किशोर को मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत पढ़ कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा बैच लगाकर करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एसआरजी करुणेश मिश्र के अतिरिक्त नोडल एआरपी संजीव पटेरिया, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ खैराबाद के अध्यक्ष नरेश मिश्र प्राथमिक के पवन कुमार सिंह मंत्री जहीर आलम तथा प्राथमिक के अमित त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, संकुल शिक्षक हसन जमाल रिजवी मुदित पाण्डेय एजाज अहमद फैजुल हसन व आयोजक अंजू राजवंशी तथा ग्राम प्रधान ने संबोधित किया। इस अवसर पर करुणेश मिश्र ने कहा कि आप सभी लोग यह तय करें कि अपने आस पास के सभी छोटे बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में ही करवाएं क्योंकि यह आज की आवश्यकता है श्री मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से नई स्फूर्ति प्राप्त होती है। अध्यक्ष नरेश मिश्र एवं पवन कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत ही लाभप्रद और सारगर्भित रहा नेता द्वय ने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में हर प्रकार की सुविधा दे रही है कि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ें लेकिन हम स्वार्थ वश अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजते ही नहीं है जिससे बच्चे कमजोर रहते हैं। एआरपी संजीव पटेरिया ने कहा कि शिक्षा के बिना जिंदगी अधूरी है इस लिए अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं और अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे। इसी अवसर पर मार्च माह में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को तथा ईको क्लब में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया जबकि जूनियर हाईस्कूल के बच्चे जो विज्ञान प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए थे उन्हें विज्ञान एक्सपोजर विजिट के लिए लखनऊ भेजा गया था उसमें संकुल धरैंचा के 12 बच्चे भी शामिल थे। जिन्हें आज मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक अंजू राजवंशी प्रधानाध्यापिका तथा नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने अतिथियों तथा उपस्थित अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ में फिरोजा बानो, प्रियंका वर्मा, रोली तिवारी, संकुल शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया लेकिन विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को तैयार करके विभिन्न प्रकार के गीत, नाटक आदि की प्रस्तुति करवाई जिसमें अनपढ़ बीवी, ईको क्लब एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक, लिलिपुट डांस, बेटी हमारा गौरव, जुंबा डांस आदि की प्रस्तुतिकरण करवाई जिसको सभी ने सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यालयों के बच्चों शिक्षकों अभिभावकों को जलपान एवं बच्चों को भोजन भी करवाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राम किशोर ने घोषणा करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की ग्रांट पंचायत को मिली तो इस विद्यालय के जिन कक्षा कक्षों में टायलीकरण नहीं हुआ है उसे पूर्ण करवा दूंगा। अन्त में अंजू राजवंशी ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम के समापन की घोषणा कर दी गई।

# सीओ का सिधौली तबादला, पत्रकारों ने दी भावभीनी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख सर्किल में तैनात क्षेत्राधिकारी (सीओ) विशाल गुप्ता का तबादला सिधौली सर्किल में कर दिया गया है। वहीं सीतापुर में सेवाएं दे रहे सीओ ब्रजेश कुमार को अब मिश्रिख सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा। इसी क्रम में आज पत्रकार साथी प्रथम मिश्रा के कार्यालय पर सीओ विशाल गुप्ता के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि सीओ विशाल गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून–व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई और आमजन के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर पत्रकार श्रवण कुमार मिश्रा, सुदीप मिश्रा, अपूर्व पांडेय, शुभम शुक्ला, रवि शंकर, प्रथम मिश्रा, श्यामा मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, राम मिलन मौर्य सहित तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सीओ विशाल गुप्ता को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फर्जी दरोगा बनकर युवक ने मंगेतर पक्ष से ठगी, शिकायत दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। जिले में एक युवक द्वारा खुद को पुलिस में दरोगा बताकर मंगेतर और उसके परिजनों से ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर भरोसा जीता और काफी रकम ऐंठ ली। मामला खुलने पर कुछ धनराशि वापस की गई, लेकिन शेष लौटाने से मुकर जाने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम मलकपुर अब्दुल्ला निवासी भीम सिंह ने अपनी पुत्री रिंकी की शादी के लिए ग्राम बिजौहड़ी निवासी अवनीश कुमार से रिश्ता तय किया था। अवनीश और उसके परिजनों ने उसे पुलिस में दरोगा बताया और हापुड़ के सिम्भावली थाने में तैनाती होने की बात कही।रिश्ता तय होने के बाद आरोपी का पीड़ित परिवार के घर आना–जाना शुरू हो गया। इस दौरान उसने विश्वास में लेकर परिजनों और युवती से अलग–अलग तरीके से रकम ले ली। शक होने पर जब पीड़ित पक्ष हापुड़ पहुंचा तो पुलिस लाइन में अवनीश दरोगा की वर्दी पहने मिला और उसने अपना नियुक्ति पत्र भी दिखाया। हालांकि पुलिस कर्मियों से बातचीत करने पर नियुक्ति पत्र फर्जी होने का खुलासा हो गया। मामले को लेकर नगीना से सपा विधायक मनोज पारस के कैंप कार्यालय पर पंचायत भी हुई, हालांकि उस समय विधायक मौजूद नहीं थे। पंचायत में आरोपी और उसके परिजनों ने कुछ रकम व सामान वापस किया, लेकिन शेष लौटाने का वादा कर मुकर गए। इस पर भीम सिंह ने अवनीश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# आठों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम सूची जारी, मतदाता घटे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई। संशोधित सूची के अनुसार अब जिले में कुल 24,85,555 मतदाता हैं, जिनमें 13,43,837 पुरुष, 11,41,630 महिला और 58 थर्ड जेंडर शामिल हैं। एएसआईआर प्रक्रिया के बाद जिले में कुल 2,64,764 मतदाता कम हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट नामों के सत्यापन के बाद यह कमी दर्ज की गई है। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की मौजूदगी में भाजपा, सपा, बसपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची वितरित की गई। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ ने भी सूची का प्रकाशन किया। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा प्रतिनिधि धीर सिंह, बसपा के मुंशी सईद और सपा के अब्दुल्लाक उर्फ पप्पू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जनपद में पहले कुल मतदाताओं की संख्या 27,50,319 थी, जो संशोधन के बाद घटकर 24,85,555 रह गई। सबसे अधिक कमी बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में दर्ज की गई, जबकि अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में नाम सूची से हटाए गए हैं।

# बिजली चोरी पर कड़ी कार्रवाई

## – पांच उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर के यदुवंश नगर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पांच उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



विद्युत वितरण मंडल के निर्देशन में उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता की संयुक्त टीम ने विजिलेंस टीम के साथ क्षेत्र में मॉर्निंग रेड की। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ उपभोक्ता बिना वैध कनेक्शन, केबल बायपास और अतिरिक्त केबल के माध्यम से बिजली चोरी कर रहे थे। टीम ने मौके पर ही सभी मामलों की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की। पकड़े गए उपभोक्ताओं पर कुल 10 किलोवाट का लोड पाया गया। विद्युत विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली चोरी न करें और वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# इनामिया बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

## – बसरेहर पुलिस की बड़ी कामयाबी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के अभियान के तहत थाना बसरेहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 25,000 रुपये के इनामिया और गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरतार किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान बसरेहर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त जुनैद पुत्र भूरा बसरेहर बाईपास कट के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्त को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्त जुनैद पुत्र भूरा, निवासी मोहल्ला नक्कालान, वार्ड संख्या 12, थाना भोजपुरा जनपद मुरादाबाद (उम्र 32 वर्ष) है। वह थाना चौबिया में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित था और उस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न जनपदों में गैंगस्टर एक्ट, गौवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसका लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। गिरतारी करने वाली टीम में थाना बसरेहर के प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह सहित आकाश पवार, अनूप कुमार, धर्मवीर सिंह, अभिषेक चौधरी और चालक अंकुर चौधरी शामिल रहे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में सजा दिलाने में सफलता

## – सात अभियुक्तों को अलग–अलग मामलों में दंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अलग–अलग मामलों में कुल 7 अभियुक्तों को न्यायालय से सजा दिलाई गई।




थाना बढ़पुरा क्षेत्र के एक मामले में 5 अभियुक्तों को न्यायालय एडीजे–12 (डकैती कोर्ट) द्वारा दोषी ठहराया गया। इनमें शंशाक उर्फ छोटू, विकास कुशवाह और अंकुर को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 26–26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं अजय को 1 वर्ष कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड तथा रमन सिंह ठाकुर को 3 वर्ष सश्रम कारावास व 3 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। यह मामला 2 फरवरी 2025 का है, जब अभियुक्तों ने सहायक आयुक्त राज्यकर के साथ मौजूद पुलिसकर्मी को जबरन वाहन से उतारकर कार में बैठा लिया था और उसके साथ मारपीट व जान से मारने का प्रयास किया था। पुलिस द्वारा सुदृढ़ विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई जिसके चलते आरोपियों को सजा मिली। थाना बकेवर क्षेत्र के गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में 2 अभियुक्तों को न्यायालय एडीजे–10 (गैंगस्टर कोर्ट) द्वारा 4–4 वर्ष कारावास व 5–5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। दोनों अभियुक्त संगठित गिरोह बनाकर लूट, डकैती और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। इस मामले में भी पुलिस व अभियोजन की सुदृढ़ कार्रवाई और साक्ष्यों की प्रभावी प्रस्तुति के कारण न्यायालय ने दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लगातार अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय से दंडित कराया जा रहा है, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।


## प्रयागराज–खड़गपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज-खड़गपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04142/04141 प्रयागराज-खड़गपुर द्वि-साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 04142 प्रयागराज-खड़गपुर | | | 04141 खड़गपुर-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:30 | प्रयागराज जं. | 22:00 | -- |
| 17:30 | 17:32 | मिर्जापुर | 19:30 | 19:32 |
| 20:00 | 20:10 | पं. दीन द. उपाध्याय | 18:00 | 18:10 |
| 21:25 | 21:27 | सासाराम | 16:20 | 16:22 |
| 21:40 | 21:42 | डेहरी ऑनसोन | 16:00 | 16:02 |
| 22:55 | 23:00 | गया | 14:20 | 14:25 |
| 01:30 | 01:35 | ने.सु.च. बोस गोमोह | 11:45 | 11:50 |
| 02:30 | 02:32 | भोजूडीह | 11:00 | 11:02 |
| 03:00 | 03:05 | आद्रा | 10:25 | 10:30 |
| 03:53 | 03:55 | बांकुड़ा | 09:38 | 09:40 |
| 06:00 | -- | खड़गपुर | -- | 07:45 |

**प्रयागराज से-** गाड़ी सं.04142 प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार, दिनांक- 14.04.2026 से 28.04.2026 **खड़गपुर से-** गाड़ी सं. 04141 प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार दिनांक- 15.04.2026 से 29.04.2026 **संरचना:** स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य-07

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 803/26 FA


# नामांकन बढ़ाने पर सख्ती, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। बैठक में स्कूल चलो अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि सत्र 2026–27 के अंतर्गत अब तक 4419 नामांकन हो चुके हैं। जिन विद्यालयों में शून्य प्रवेश है, उनकी सूची तैयार कर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी अधिकारियों और शिक्षकों को इसे गंभीरता से लेने तथा शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने को कहा गया। शारदा अभियान के तहत अब तक 28 बच्चों का नामांकन हुआ है, जबकि बसेहर क्षेत्र में प्रगति शून्य पाई गई। निर्देश दिए गए कि शिक्षक अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बच्चों को चिन्हित करें और उनका नामांकन कराएं। नगर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा के दौरान विद्यालयों में पंजी.त छात्रों और वास्तविक उपस्थिति



का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। चकरनगर क्षेत्र में 82.39 प्रतिशत उपस्थिति की स्थिति का स्थलीय सत्यापन करने को कहा गया। कक्षा 1 से 8 तक छात्रों का लर्निंग आउटकम केवल 40 प्रतिशत पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा गया कि बिना प्रभावी मॉनिटरिंग सुधार संभव नहीं है। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय टास्क फोर्स निरीक्षण, सपोर्टिव सुपरविजन, एसआरजी (98 प्रतिशत) और डाइट मेंटर्स (51 प्रतिशत) की प्रगति की भी समीक्षा हुई। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 5 वर्ष आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी से विद्यालय लाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। निर्देश दिए गए कि बीएसए व बीईओ स्तर पर प्रत्येक शनिवार को समीक्षा बैठक, बीईओ व प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति (भ्डब्) व अभिभावक–शिक्षक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय ताखा के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा गया। समग्र शिक्षा के तहत 32 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में से 28 में फर्नीचर की आपूर्ति हो चुकी है, शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। पीएम श्री योजना के अंतर्गत फर्नीचर की गुणवत्ता सुधारने, बाल वाटिका हेतु आउटडोर प्ले सामग्री व चाइल्ड फ्रेंडली फर्नीचर सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डिजिटल शिक्षा के तहत स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और टैबलेट वितरण की भी समीक्षा की गई। आरटीई 12(1)(ग) के अंतर्गत 1146 सीटों के सापेक्ष 686 प्रवेश होने पर कम प्रगति वाले विद्यालयों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। समर्थ योजना के तहत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड और ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रात में खुली नगर पालिका, हंगामे के बीच भ्रष्टाचार के आरोप

## - नगर पालिका कार्यालय में देर रात हंगामे के दौरान जुटी भीड़ व मौके पर पहुंची पुलिस टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। रात करीब आठ बजे नगर पालिका परिषद




कार्यालय खुला होने की सूचना पर राजनीतिक माहौल गरमा गया। सूत्रों के अनुसार अधिशासी अधिकारी राम वचन सरोज, पालिकाध्यक्ष सत्य नारायण शंखवार व कुछ कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यालय के अंदर कार्य किया जा रहा था। आरोप है कि यह गतिविधियां सभासदों की जानकारी के बिना की जा रही थीं। जैसे ही इसकी भनक चेयरमैन समर्थक सभासदों को लगी उन्होंने पालिका कार्यालय को घेर लिया और मुख्य गेट पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभासदों ने ईओ व चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनियमितताओं के आरोप लगाए। बाद में अंदर से गेट खोला गया, जिसके बाद सभासद भी भीतर पहुंच गए और जमकर बहस हुई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमल भाटी व कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अधिशासी अधिकारी को सुरक्षा घेरे में लेकर थाने पहुंचाया। कुछ देर बाद चेयरमैन व अन्य सभासद भी थाने पहुंच गए, जहां घंटों तक वार्ता चली। इस बीच बिजली गुल होने का लाभ उठाते हुए ईओ वहां से रवाना हो गए। पत्रकारों द्वारा प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। मामले में आरोप है कि जसवंतनगर–कचौरा मार्ग स्थित नहर कोठी के पास करीब 30 दुकानों की जमीन में से 14 दुकानों का आवंटन बिना बोर्ड प्रस्ताव के ही कथित रूप से कर दिया गया। यह भी आरोप है कि संबंधित अभिलेखों में प्रविष्टियां रात में की जा रही थीं। घटना के बाद नगर में देर रात तक विभिन्न स्थानों पर सभासदों व लोगों के बीच चर्चाएं होती रहीं। हालांकि पूरे मामले पर अभी तक किसी राजनीतिक दल की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन

## - पुराने मीटर बहाल करने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो/जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर महिलाओं का आक्रोश सामने आया। दर्जनों महिलाएं तहसील पहुंचीं और विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था को उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बताया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है। बिना पर्याप्त सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाती है, जबकि उपभोक्ताओं से पहले ही अग्रिम भुगतान लिया जा रहा है। इससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ मानसिक तनाव भी उत्पन्न हो रहा है। महिलाओं ने उपजिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए मांग की कि वर्तमान में लगे स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटर पुनः लगाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन और धरना–प्रदर्शन करेंगी। इस मौके पर मोना, शोभा देवी, वेबी देवी, ममता देवी, अमित कुमार, शिव सिंह, हेमलता, गीता देवी, शीला देवी और भाग्यश्री सहित कई लोग मौजूद रहे। महिलाओं ने प्रशासन से स्मार्ट मीटर से उत्पन्न समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर राहत देने की मांग की।

# खनन माफिया का तांडव, प्रशासन की खामोशी के बीच लुट रही मिट्टी

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। असोथर नगर पंचायत में इन दिनों खनन माफिया के



हौसले सातवें आसमान पर हैं। नियम–कानूनों को ताक पर रखकर दिन–दहाड़े मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। सैकड़ों ट्रैक्टर–ट्रॉली नगर का सीना चीरकर मिट्टी ढो रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने जैसे अपनी आँखों पर पट्टी बांध ली है। धूल और धुएं के बीच सिसकता जनजीवन नगर की सड़कों पर बेलगाम दौड़ रहे ये वाहन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, बल्कि आम जनता का जीना भी मुहाल कर दिया है। धुआं उड़ाते और धूल फांकते सैकड़ों वाहनों के कारण वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुँच गया है। स्थानीय निवासी अब सांस लेने में भी दिक्कत महसूस कर रहे हैं। मुख्य चिंताएंरू जो नगर को बना रही हैं। नगर की सड़कें भारी वाहनों का भार सहने के लिए नहीं बनी हैं। लगातार सैकड़ों ट्रॉलियों के निकलने से सड़कें समय से पहले ही जर्जर होकर टूट रही हैं। घनी आबादी वाले क्षेत्रों और संकरी गलियों से ये ट्रैक्टर–ट्रॉली तेज रतार में निकल रहे हैं। इससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बिना किसी वैध परमिट और रॉयल्टी के हो रहा यह खनन सीधे तौर पर सरकारी राजस्व की बड़ी चोरी है। आखिर किसकी शह पर सरकारी खजाने को यह चपत लगाई जा रही है? असोथर की सड़कों पर धूल का गुबार और भारी मशीनों का शोर इस बात का गवाह है कि यहाँ कानून का नहीं, बल्कि खनन माफिया का खौफ चलता है। प्रशासन की भूमिका पर उठते बड़े सवाल क्या स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन को इस बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध कारोबार की भनक नहीं है? यदि है, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जनता के बीच यह चर्चा आम है कि क्या इस अवैध खेल को सफेदपोशों और कुछ भ्रष्ट अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है? तुरंत रुके यह श्अवैध खेलश स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई और दोषी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन कब अपनी कुंभकर्णी नींद से जागता है या फिर असोथर की मिट्टी इसी तरह अपनों के हाथों लुटती रहेगी।

# भीषण आग में 12 बीघा गेहूं की फसल राख

## - किसानों की साल भर की मेहनत पल भर में स्वाहा

## - दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शाह मजरे दहेली में शनिवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब अचानक खेतों में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी यह आग कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर गई और आसपास की खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें इतनी तेज हो गईं कि किसानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उनकी महीनों की मेहनत पलभर में जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग लगातार फैलती चली गई और स्थिति बेकाबू हो गई। इस भीषण अग्निकांड में लगभग 10 से 12 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। खेतों में उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर–दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।इस घटना में कई किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसानों के अनुसार हकीमुन बेगम पत्नी हिसाम खान की करीब 4 बीघा, बाबू विश्वकर्मा की 2 बीघा, संपतिया देवी रैदास की 1 बीघा, राजाराम रैदास की 2 बीघा, रामलली देवी रैदास की 1 बीघा तथा ज्ञानेंद्र सिंह का लगभग 2 बीघा भूसा जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस नुकसान ने किसानों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचित किया गया। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फसल का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। घटना की सूचना पर शाह चौकी इंचार्ज आकाश मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या मानवीय लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।घटना के बाद पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि यह फसल ही उनकी सालभर की आय का मुख्य साधन थी, जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ऐसे में उन्हें सरकार से आर्थिक सहायता की उम्मीद है।यह घटना एक बार फिर



ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के अभाव और फसल सुरक्षा के प्रति जागरूकता की जरूरत को उजागर करती है।

# सिरसा नदी पुनरुद्धार को लेकर समीक्षा बैठक

## – एक जनपद एक नदी अभियान में 80 हजार पौधरोपण का लक्ष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में एक जनपद एक नदी अभियान के अंतर्गत जनपद की चिन्हित लघु नदी सिरसा के पुनरुद्धार को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने की। बैठक में बताया गया कि सिरसा नदी का कुल



विस्तार लगभग 53 किलोमीटर है, जो जनपद अलीगढ़ से प्रारंभ होकर फिरोजाबाद होते हुए इटावा में प्रवेश करती है। विकास खंड सैफई, जसवंतनगर एवं बसरेहर क्षेत्रों से होकर गुजरती है। नदी के पुनरुद्धार के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। नदी के तटों पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए, जिसके तहत लगभग 80 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, जहां–जहां से नदी में गंदा पानी प्रवाहित हो रहा है, वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित कर प्रदूषण रोकने के निर्देश दिए गए, ताकि नदी का जल स्वच्छ और निर्मल बना रहे। सिंचाई विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। पुनरुद्धार कार्य शुरू करने से पहले नदी के पुराने स्वरूप का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे उसके प्रा.तिक प्रवाह और संरचना को पुनर्स्थापित किया जा सके। बैठक में यह भी कहा गया कि नदी वही है, जिसमें पानी हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेसीबी स्टार्ट करते समय हादसा, चालक की दबकर मौत

## – परिजनों ने जेसीबी मालिक पर हत्या के लगाए आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो



किशनपुर, फतेहपुर। क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में जेसीबी चालक की मशीन स्टार्ट करते समय गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जेसीबी सेल्फ से स्टार्ट नहीं हो रही थी, जिस पर चालक द्वारा उसे डायरेक्ट स्टार्ट करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अचानक वाहन चल पड़ा और चालक उसकी चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक राकेश कुमार (30 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय लल्लू, निवासी कछरा, को जेसीबी के मालिक आनन–फानन इलाज के लिए मंझनपुर अस्पताल में इलाज के दौरान राकेश की हुई मौत घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# यूट्यूबर पर अधिवक्ता समाज को गाली देने का आरोप, कार्रवाई की मांग

## – राइफल के साथ वीडियो बनाकर फैलाया भय, मुकदमा दर्ज कराने की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। जनपद में एक यूट्यूबर द्वारा अधिवक्ता समाज के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग का मामला सामने आया है। अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, सैफई निवासी कन्हैया यादव उर्फ कबीर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम आईडी से कई वीडियो अपलोड किए गए हैं। इन वीडियो में अधिवक्ता समाज को निशाना बनाते हुए अपमानजनक एवं भद्दी–भद्दी गालियां दी गई हैं, जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है और समाज की छवि धूमिल हो रही है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उक्त यूट्यूबर ने एक वीडियो में हाथ में राइफल लेकर भी प्रदर्शन किया है, जिससे समाज में भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया गया। इसे आपराधिक प्रवृत्ति का .त्य बताते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे न केवल अधिवक्ता समाज बल्कि आम जनमानस भी प्रभावित हो रहा है। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि कन्हैया यादव उर्फ कबीर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का सम्मान बना रहे। इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ता समाज में आक्रोश देखा जा रहा है और सभी ने एकजुट होकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।


न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

# नवनिर्मित मकान में चोरों ने किया हाथ साफ

## – पीड़ित गृहस्वामी ने कोतवाली में दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के गोपालनगर बैंक आफ बड़ौदा के बगल वाली गली में नवनिर्मित मकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जब गृहस्वामी को इसकी जानकारी हुई तो उन्होने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शहर के चंदियाना चौक मुहल्ला निवासी राम प्रसाद उर्फ गुड्डू मोदनवाल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होने मुहल्ला गोपालनगर बैंक आफ बड़ौदा के बगल वाली गली से 150 मीटर अंदर अपने प्लाट पर मकान बनवाया है। दस अप्रैल को प्रातः साढ़े नौ बजे वह जब नवनिर्मित मकान पर पहुंचे तो देखा कि मकान में चोरी हो गई है। जिसमें पानी का मोटर, वायरिंग में लगे तार, बाहर रखा बंडल तार, हैमर, ड्रिल, गैलेण्डर आदि सामान चोरी हो गया है। उन्होने डायल 122 पर भी फोन करके सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर जांच–पड़ताल की। पीड़ित ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके आवष्यक कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।

# ट्रक-डीसीएम की टक्कर में चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के डलमऊ मार्ग मिर्जापुर भिटारी के समीप शुक्रवार की देर शाम ट्रक–डीसीएम की भिड़ंत में 26 वर्षीय डीसीएम चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना डीघ गांव मिसिर का पुरवा निवासी डीसीएम चालक कुलदीप पुत्र ननकऊ डीसीएम से शहर से रायबरेली जा रहा था। जब वह डलमऊ मार्च मिर्जापुर भिटारी के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई जिससे ननकऊ की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सड़क हादसों में अज्ञात समेत दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान अज्ञात समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना कमासिन गांव वीरा निवासी चन्द्रभान विश्वकर्मा का 24 वर्षीय पुत्र बृजमोहन बाइक से शहर आया था। बताते हैं कि वापस लौटते समय जब वह विजयीपुर के समीप पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के शान्तीनगर के समीप रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 35 वर्षीय युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।


## उत्तर मध्य रेलवे

No.CC-6/E-Auction/Commercial Publicity/2025 Dated: 08.04.2026

**ई-नीलामी के लिए सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** द्वारा निम्नलिखित ई-नीलामी बोलियां आमंत्रित की गयी हैं।

**वाणिज्य विज्ञापन अनुभाग द्वारा आमंत्रित ई-नीलामी**

| क्रम | वाणिज्य विज्ञापन का विवरण |
|---|---|
| 1. | प्रयागराज मंडल के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन की नई स्टेशन बिल्डिंग में बजट होटल, AC, वेटिंग रूम-सह-लाउंज और क्लॉक रूम जैसी बहु-उद्देशीय गतिविधियों के लिए 05 वर्षों की अवधि हेतु ई-नीलामी। |
| 2. | सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन (राजरूपपुर साइड), प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे पर स्थित यात्री परिसर में छोटे निजी समारोहों, सामुदायिक केंद्र और अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों के आयोजन के उद्देश्य से 70 महीनों की अवधि के लिए अनुबंध। |

**ई-आक्शन कैटलाग संख्याः** MSS-ALJN-SFG-26

**ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समयः** 16.04.2026 at 11.00 hrs.

**कैटरिंग**

| SN | Details of publicity | E-Auction catalogue no. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए जल वेंडिग मशीनेंः फतेहपुर (07 स्थान), मैनपुरी (02 स्थान), फिरोजाबाद (04 स्थान)। | PRYJ-MSS-WVM-26 | 13.04.2026 at 11.00 hrs. |
| 2. | विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए फ्रूट और जूस बार तथा कैटरिंग यूनिटः खागा (02 स्थान), डभौरा (01 स्थान), मैनपुरी (01 स्थान), दादरी (01 स्थान), कानपुर अनवरगंज (01 स्थान), नैनी (01 स्थान), फफूंद (02 स्थान), हाथरस (01 स्थान), सिराथू (01 स्थान), शंकरगढ़ (01 स्थान), इरादतगंज (01 स्थान), भरवारी (01 स्थान)। | PRYJ-CATG-26-6 | 17.04.2026 at 11.00 hrs. |
| 3. | विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए बहुउद्देशीय स्टॉलः अलीगढ़ (01 स्थान), विंध्याचल (01 स्थान), मानिकपुर (01 स्थान), फफूंद (02 स्थान), फतेहपुर (01 स्थान), प्रयागराज (01 स्थान)। | PRYJ-MPS-26-2 | 17.04.2026 at 11.00 hrs. |
| 4. | विभिन्न स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए जल वेंडिंग मशीनेंः कानपुर अनवरगंज (04 स्थान), सूबेदारगंज (02 स्थान)। | PRYJ-MSS-WVM-26 | 17.04.2026 at 11.00 hrs. |
| 5. | विभिन्न स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए जल वेंडिंग मशीनेंः चुनार (05 स्थान), झिंझक (04 स्थान), शंकरगढ़ (04 स्थान), फफूंद (04 स्थान), डभौरा (04 स्थान), मनौरी (04 स्थान), बरगढ़ (04 स्थान), मांडा रोड (04 स्थान), विंध्याचल (03 स्थान), खागा (04 स्थान), सिराथू (04 स्थान), हाथरस (04 स्थान), भरवारी (04 स्थान), मेजा रोड (03 स्थान), एटा (02 स्थान)। | PRYJ-MSS-WVM-26 | 21.04.2026 at 11.00 hrs. |

**पार्किंग**

| SN | Details of publicity | E-Auction catalogue no. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन, मैनपुरी रेलवे स्टेशन एवं विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्टैंड 03 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है। | PARKING-MX-26-3 | 14.04.2026 at 11.00 |
| 2. | टुंडला रेलवे स्टेशन पर दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्कि स्टैंड 05 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है। | PARKING-TDL-MX- | 16.04.2026 at 11.00 |

**पे & यूज़ (शौचालय)**

| SN | Details of publicity | E-Auction catalogue no. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयागराज रेलवे स्टेशन (सिविल लाइन साइड) एवं गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन (PF-02 & 03) पर उपलब्ध पे एण्ड यूज़ शौचालयों के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु ठेका 03 वर्षों की अवधि के लिए। | PnU-PRYJ-GOY-To | 21.04.2026 at 11.00 |

**पार्सल लीजिंग**

| SN | Compar-tment | Train No. | CC (In tones) | From-To | Frequ-ency-(In a week) | E-Auction catag-logue No. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FSLR-1, RSLR-1 | 04125 | 3.9 | SFG-BDTS | 01 days | 04125-PRYJ-PRCL | 16.04.26, 11.30 |

**नोटः-** इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते है। 779/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# बेटी शिक्षा अभियान अब डिजिटल हुई उड़ान का हुआ समापन

## - डिजिटल जागरूकता संदेश प्रसारित कर फैलाई जागरूकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फोरम फॉर एडवांसिग वुमेन्स एजेण्डा (फावा) एवं वात्सल्य लखनऊ के सहयोग से नेहरू युवा संगठन टीसी ने बेटी शिक्षा अभियान–अब डिजिटल हुई उड़ान विषयक जागरूकता अभियान के अर्न्तगत भिटौरा विकास खण्ड के ग्राम सकूलपुर में जागरूकता रथ के माध्यम से समुदाय एवं किशोरियों को शिक्षा एवं डिजिटल जागरूकता संदेश प्रसारित कर दस दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया। ब्लाक एजुकेशन ऑफिसर भिटौरा दिप्ती रिछारिया ने कहा कि बालिकाओं को डिजिटल जागरूकता की अति आवश्यकता है क्योंकि उनकी शिक्षा में आज डिजिटल सहयोग से नई जानकारी, देश विदेश की खबरे एवं सूचनाएं, शिक्षा में विभिन्न नए प्रयोग, रोजगार के नए अवसर, सरकार की योजनाओं तक पहुंच, बैंकिग लेन देन में सहूलियत, सामाजिक जुडाव में सहयोग के अवसर देता है। वहीं इसके इसके दुरूपयोग से उपयोगकर्ता को विभिन्न तरह की षारीरिक, मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक समस्यों का सामाना करना पड़ता है। पुलिस बाल कल्याण अधिकारी थाना हुसैनगंज उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाठक ने समुदाय एवं बच्चों से साइबर जागरूकता हेतु क्या करें–क्या न करें संबंधित टिप्स दिए। डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम में डिजिटल साथी का चुनाव, डिजिटल साथी का प्रशिक्षण, सामुदायिक बैठकें, घर–घर बेल बजाओ, सॉप सीढी खेल द्वारा डिजिटल उपयोग से फायदे एवं जोखिम की जानकारी, हस्ताक्षर अभियान, पंपलेट वितरण, सोशल मीडिया गेम, जागरूकता रैली, प्रचार रथ आदि गतिविधियां संचालित की गई। कार्यक्रम विकास खण्ड भिटौरा के ग्राम सरैला, सकूलपुर, सातमील, हुसैनगंज एवं अरबपुर में संचालित किया गया। कार्यक्रम संचालन में संस्था प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद साहू, समन्वयक रंजना, सहयोगी सुधांशू द्विवेदी, सलमा खान, नसरीन आदि ने सहयोग किया।




# नाबालिग अपहृता बरामद, वांछित युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एक नाबालिग लड़की को अपहरण के मामले में सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही इस मामले में वांछित अभियुक्त को भी गिरतार कर न्यायालय भेज दिया गया। बताते चलें कि मुकदमा संख्या 26/ 2026 धारा 87,137(2) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में अभियुक्त सुशील माली पुत्र झल्लर माली निवासी कुसुम्भी थाना असोथर फरार चल रहा था। थाना असोथर पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग अपहृता को सुरक्षित बरामद किया और आरोपी सुशील माली को गिरतार कर लिया। गिरतारी करने वाली टीम में जरौली चौकी प्रभारी अंकुश यादव, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा षामिल रहे। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि वांछितों/वारंटियों की गिरतारी तथा अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आरोपी को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा किया गया है।



# सामाजिक भेदभाव जाति प्रथा के खिलाफ थे गोविंदराव फुले

## - सपाईयों ने जयंती मना गोष्ठी में उनके जीवन पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रख्यात समाज सुधारक, लेखक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की जयंती मनाई गई। चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात फुले जी के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फुले जी सामाजिक भेदभाव व जाति प्रथा के खिलाफ थे। शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा की, अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिल कर 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल बनाया, सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका रहीं। उनका उद्देश्य जाति भेदभाव खत्म कर समाज में समानता लाना था। फुले जी कुरीतियों के खिलाफ रहे। बाल विवाह, सती प्रथा और छुआछूत का सदैव विरोध किया। विधवा विवाह का सदैव समर्थन किया और अनाथ बच्चों के लिए आश्रय खोलने जैसे महान कार्य किए। आज आवश्यकता है कि हम पीडीए की सरकार बनाकर ज्योतिबा फुले के सपनों को साकार करें। संचालन का कार्य जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। कार्यक्रम में रामतीरथ परमहंस, संतोष यादव, शमीम अहमद, परवेज़ आलम, डा रामनरेश पटेल, इंदल सिंह, हीरालाल साहू, सुहैल खान, नरेंद्र प्रजापति, संगीता राज पासवान, डॉ अमित पाल, एड संदीप माली, आशीष नामदेव, राजबाबू यादव, इंद्रसेन, सत्य प्रकाश यादव, नीरज यादव, जय प्रकाश, चंदन सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार, रामखेलावन वर्मा, दीपशा, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।



# 22668 नए मतदाताओं की इंट्री, पहली बार बनाएंगे सरकार

## – एसआईआर का काम पूरा, युवा मतदाता करेंगे मतदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद प्रशासन ने अद्यतन आंकड़े जारी कर दिए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी अभिनीत कुमार ने बताया कि विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या अब 313428 हो गई है। इस बार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में नए मतदाता भी जोड़े गए हैं। उनके अनुसार कुल 22668 नए मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान 2135 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इसके अलावा 56,848 मतदाताओं को विभिन्न कारणों से नोटिस जारी किए गए थे, जिनकी जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रशासन का कहना है कि मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए यह अभियान चलाया गया था। लिंगानुपात की बात करें तो कुल मतदाताओं में 140235 महिला मतदाता और 173182 पुरुष मतदाता शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नगर पंचायत संग्रामपुर के बूथ संख्या 56 के बीएलओ राजू तिवारी ने बताया कि कुल 711 मतदाता दर्ज किए गए हैं। जिसमें चार इग्लेजर एवं छह मैपिंग में थे। जिसमें चारों को शिट किया गया है। शेष का सूची में सही नाम दर्ज कर दिया गया है।

# एसपी ने खखरेरू थाने में सुनीं जनता की समस्याएं

## - थाना समाधान दिवस में बीस शिकायतों का त्वरित निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने खखरेरू थाने पहुंचकर जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। माह के दूसरे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने थानों पर प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई की गई और उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 69 राजस्व संबंधित और 27 पुलिस संबंधित रहे। राजस्व टीम के साथ 13 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करा दिया गया। पुलिस से संबंधित सात प्रार्थना पत्रों का भी त्वरित निस्तारण किया जा चुका है। शेष प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्रक्रिया में है और जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के साथ और समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।



## एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाने में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याएं सुनने पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होने थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टर, जनसुनवाई/महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरों, भोजनालय आदि को देखा। थाना परिसर का भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखने के लिए अधीनस्थ रात्रि गश्त बढ़ाएं। साथ ही थाने पर आने वाली छोटी–छोटी शिकायतों को भी गंभीरता से लें क्योंकि यही मामले आगे चलकर बड़ा रूप ले लेते हैं। एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाली महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए, और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सरस्वती बाल मंदिर में मेधावियों को किया सम्मानित

## – आधुनिक संसाधनों से उत्कृष्टतम शिक्षा देने का करेंगे प्रयास : राकेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर उत्साहित किया। साथ ही बच्चों की शिक्षा दीक्षा के प्रति विशेष जागरूक अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह देखकर मंच से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धेष्वर धाम लालपुर के महंत बाल चैतन्य ब्रह्मचारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिवशंकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि की श्रृंखला में वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष मिश्रा, पुष्पराज पटेल, विनय तिवारी एवं विवेक नगर की गरिमा में उपस्थित रही। परीक्षा परिणाम में विजेंद्र प्रताप सिंह कक्षा (7ए) ने 99.56 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। 9 बी3 की प्रतिभा सिंह 99.08 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रही। इसी प्रकार 99 प्रतिषत अंक पाकर आयुषी वर्मा ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 105 मेधावियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शिक्षा के प्रति विशेष सचेष्ठ कुल 215 अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के साथ–साथ सुसंस्कारों पर विशेष बल देने के लिए समाज में जाना जाता है। आगामी समय में हम आधुनिक संसाधनों स्मार्ट बोर्ड एवं प्रत्येक कक्षा हेतु कम्प्यूटर आदि के माध्यम से और उत्.ष्टतम शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबाबू, खागा शाखा के प्रधानाचार्य राजकपूर, गंगानगर शाखा के प्रधानाचार्य मोहित सहित पूरा स्टाफ पूरे उल्लास के साथ कार्यक्रम के संपादन में लग रहा।



# 17 ओवरलोड वाहनों का चालान, 1740700 रूपए अर्थदण्ड वसूला

## - जिले में गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई लगातार जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में अवैध खनन व परिवहन को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह द्वारा गठित टास्क फोर्स द्वारा सभी तहसील क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। तीनों तहसीलों में टास्क फोर्स ने 17 ओवरलोड वाहनों का चालान कर लगभग 1740700 रूपए अर्थदण्ड वसूलने का काम किया। साथ ही इस कार्य में जुड़े लोगों को चेतावनी दी है कि अवैध खनन व परिवहन न किया जाए।



जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स ने अपने–अपने क्षेत्रों में गहन अभियान चलाया। जिसके दौरान सदर तहसील की टास्क फोर्स ने पांच वाहनों का चालान कर 413180 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। इसी तरह खागा तहसील की टास्क फोर्स ने ग्यारह वाहनों का चालान कर 1250140 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। उधर बिन्दकी तहसील की टास्क फोर्स ने एक वाहन का चालान कर 77380 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। इस प्रकार जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स ने कुल 17 ओवरलोड वाहनों का चालान कर 1740700 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। आगे भी नियमित रूप से अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ टास्क फोर्स की कार्यवाहियां जारी रहेगी।

# मोहल्लेवासियों ने सड़क अतिक्रमण की डीएम से की शिकायत

## - सड़क पर अवैध छज्जा बनाकर कब्ज़ा करने का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क पर अवैध रूप ने छज्जा निर्माण कर कब्ज़ा करने का आरोप लगाते हुए अंदौली वार्ड निवासियों ने जिलाधिकारी को प्रेषित प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग किया। डीएम को दिए शिकायती पत्र में वार्ड नम्बर 3 अन्दौली ने निवासियों ने बताया कि मोहल्ले में 15 फ़ीट चौड़ी आम रस्ता की सड़क है। जिसमे वार्ड में आने जाने वाले चार पहिया वाहन एव ट्रैक्टर आसानी से गुजरते है। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एवं एम्बुलेंस के वाहनों के अलावा वार्ड के लोगो के वाहन की आवाजाही भी आसानी से होती है। सड़क के कार्नर पर मोहल्ले में रहने वाले ननका द्वारा अवैध तरीके से मकान में लगभग चार फीट चौड़ा छज्जा निर्माण किया जा रहा है जिससे रास्ता संकरा हो गया है। बताया कि सड़क पर छज्जा निर्मित होने की वजह से सड़क की चौड़ाई घटकर लगभग दस फ़ीट बचेगी जिससे चार पहिया वाहन एम्बुलेंस एव किसानों के ट्रैक्टर आना जाना लगभग रुक जाएगा। आवागमन को बाधित किये जाने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जनमानस की समस्या को देखते हुए अवैध निर्माण कार्य रोके जाने की मांग किया। इस मौके पर आकिब सिद्दीकी, फकीरे, शमशाद, बदरुद्दीन, आसीन उद्दीन, रईस, इमरान खान, शकील, रोहित, अशफाक, शमशुद्दीन, शिवबली आदि रहे।



# युवक ने फांसी लगाकर जीवनलीला की समाप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा डेरा मजरे महावतपुर असहट में शुक्रवार की रात 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार पिपरा डेरा मजरे महावतपुर असहट गांव निवासी लुकुवा निषाद के पुत्र रामपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने देखा तो रामपाल का शव फांसी पर लटका था। जिससे घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई राजेन्द्र निशाद ने बताया कि उसका भाई कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। काफी पूछने पर भी वह कुछ नहीं बताता था। आज उसने घटना को अंजाम दे दिया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )